# यूबीआई का इनवॉइसमार्ट के साथ समझौता

नई दिल्ली। डिजिटल इनवॉइस डिस्कालउंटिंग मार्केटप्लेस इनवॉइसमार्ट ने मध्य और लघु उद्यमों को बिल डिस्का उंटिंग देने के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से समझौता किया है। यूनियन बैंक के हालिया संकलन के बाद ट्रेड्स प्ले2टफॉर्म पर फाइनेंसर्स की कुल संख्या 14 हो गई है। ए.के. गोयल, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक ने कहा कि हमें ट्रेड्स प्लेटफॉर्म के तौर पर इनवॉइसमार्ट के साथ साझेदारी कर खुशी हो रही है। इस मंच ने एमएसएमईज को पारदर्शी, प्रतिस्पयर्धी कीमतों में तत्कासल ट्रेड फाइनेंसिंग तक पहुंच मुहैया कराने में अपनी प्रमाणिकता साबित की है। यह हमारे बैंक के लिए भी अपने वित्ती य एक्सटपोजर को बढ़ाने का एक शानदार अवसर है क्योंकि ऋण प्रॉयारिटी सेक्टर लेंडिंग के तहत कवर हो जायेगा।